**हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर** के निदेशक महोदय **डॉ. वी. बी. पटेल** के दिशा-निर्देशन में 12 अगस्त 2026 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्थान के डॉ. डी. के. समादिया, पूर्व विभागाध्यक्ष (फसल सुधार); डॉ. धुरेन्द्र सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष (फसल उत्पादन), डॉ. एस. के. माहेश्वरी, विभागाध्यक्ष (फसल उत्पादन), डॉ. बी. आर. चौधरी, विभागाध्यक्ष (फसल सुधार), तथा प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस. आर. मीना, डॉ. डी. के. सरोलिया, डॉ. एम. के. जाटव की देखरेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में वैज्ञानिक डॉ. विकास यादव एवं डॉ. हनुमान राम ने समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान परिसर एवं अनुसंधान फार्म में विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्थान परिसर में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करना है ।





